जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

07 जनवरी, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने 'स्वच्छ भारत और स्वच्छ जामिया-हरित जामिया' अभियान चलाया

जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने दिनांक 6 जनवरी 2025 को विश्वविद्यालय के अजमल बाग स्टाफ क्वार्टर परिसर में 'स्वच्छ भारत और स्वच्छ जामिया-हरित जामिया' शीर्षक से स्वच्छता अभियान चलाया। यह कार्यक्रम डीन छात्र कल्याण के कार्यालय द्वारा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सहयोग से आयोजित किया गया ।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के माननीय कुलपति प्रो. मजहर आसिफ और सम्मानित कुलसचिव, प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने अपनी उपस्थिति से इस अभियान की शोभा बढ़ाई। इस स्वच्छता अभियान में छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों और अजमल बाग के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सभी ने स्वच्छ भारत मिशन की भावना को बनाए रखने के लिए एक साथ मिलकर कार्य किए ।

जामिया के डीन छात्र कल्याण, प्रो. नीलोफर अफजल ने कुलपति और कुलसचिव को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया, जो हरित पहल के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। जामिया के मुख्य कुलानुशासक प्रो. नवेद जमाल और जामिया एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक श्री विकार हुसैन सिद्दीकी ने भी सम्मानित अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत जामिया एनएसएस टीम द्वारा औपचारिक स्वागत के साथ हुई, जिसमें बेगम हजरत महल गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन में सहायता की। कुलपति और जामिया के अन्य स्टाफ सदस्यों ने प्रतीकात्मक सफाई गतिविधि में भाग लिया और संकाय सदस्यों, छात्रों, कर्मचारियों तथा निवासियों को अपने आसपास के वातावरण की जिम्मेदारी लेने एवं स्वच्छ पर्यावरण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए माननीय कुलपति प्रो. मजहर आसिफ ने राष्ट्रीय विकास और व्यक्तिगत कल्याण की आधारशिला के रूप में स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया । उन्होंने यह कहा कि " स्वच्छ वातावरण बेहतर शिक्षा और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देता है। जामिया को स्वच्छ भारत के राष्ट्रीय मिशन में योगदान देने पर गर्व है।" माननीय कुलसचिव प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने इन भावनाओं को दोहराया, परिसर के अंदर और बाहर स्वच्छता कायम रखने और उन्होंने हरित पहल को बढ़ावा देने में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर बल दिया।

डीन छात्र कल्याण, प्रो. नीलोफर अफजल ने बदलाव के राजदूत के रूप में छात्रों की भूमिका पर प्रकाश डाला, और उनसे अपने समुदायों में उदाहरण पेश करने का आग्रह किया। उन्होंने यह कहा कि "एक स्थायी और प्राचीन परिसर वातावरण सुनिश्चित करने हेतु स्वच्छता की दिशा में प्रयास पूरे वर्ष जारी रहना चाहिए।" जामिया मिल्लिया इस्लामिया के मुख्य सुरक्षा सलाहकार श्री सैयद अब्दुल राशिद ने स्वच्छता मानकों को लागू करने और पर्यावरण के अनुकूल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

प्रो नीलोफर अफजल के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ और उन्होंने कुलपति, कुलसचिव, एनएसएस टीम, डीएसडब्ल्यू टीम, स्टाफ सदस्यों, छात्रों, अजमल बाग के निवासियों एवं स्वच्छता और बागवानी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जो जामिया को स्वच्छ रखने में अथक योगदान देते हैं।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया